तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 सावन महीने का पहला सोमवार आज शिवालय में गूंजेंगा हर हर महादेव




## खबर संक्षेप

### सावन के दूसरे दिन थमी बारिश, खिली धूप

**कोरबा।** जिले में सावन के पहले दिन शुक्रवार को दोपहर और शाम को घने बादल के बाद भी झमाझम बारिश हुई। कई क्षेत्रों में बौछार पड़ी। अगले दिन शनिवार को मौसम खुला। सुबह से धूप खिली रही। मौसम विभाग अनुसार अगले 4 दिनों तक मानसून कमजोर रहने से बारिश भी कम होगी। धूप निकलने की वजह से तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। 24 घंटे में 6.8 मिलीमीटर औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। अब तक 454.8 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 329.7 मिलीमीटर बारिश हुई थी। अब तक औसत से 42.5 प्रतिशत बारिश अधिक हुई है। 24 घंटे में सबसे अधिक पोड़ी-उपरोड़ा तहसील में 22.8, पसान में 18.5, कोरबा में 3.6, करतला में 6.6, बरपाली में 9.3, कटघोरा में 10.3, दीपका में 5.3 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई।

### एक साथ खिले 40 ब्रम्ह कमल

**कोरबा।** पवित्र सावन मास में महादेव की पूजा अर्चना का दौर जारी है। सावन के पहले दिन रामपुर बस्ती में मनोज कुमार साहू के घर एक साथ 40 ब्रम्ह कमल खिलने से माहौल भक्तिमय हो गया। आसपास के लोग बड़ी संख्या में ब्रह्मकमल के दर्शन के लिए श्री साहू के निवास स्थान पर पहुंचे रहे।

### जटाशंकरी नाला पर पुल नहीं होने बढ़ी परेशानी

**कोरबा।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोपालपुर से नवापारा पहुंच मार्ग पर जटाशंकरी नाला का जलस्तर बढ़ने के बाद से 8 किलोमीटर घूमकर ग्रामीणों को चैतमा जाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी चैतमा के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को हो रही है। 6 महीना पहले पुलिया निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। अब बारिश के बाद ही काम शुरू हो सकेगा। जिले में रुक-रुककर हो रही बारिश से जटाशंकरी नाला का जलस्तर बढ़ा है। लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं। नाला पार कर डोड़की, सगुना, ठाड़पखना के ग्रामीण चैतमा की ओर आवाजाही करते हैं। साथ ही वहां के हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। मगर इन दिनों जलस्तर बढ़ने से पुलिया नहीं होने के कारण रजकम्मा से चैतमा होते हुए आवाजाही करनी पड़ रही है।

### सिरमिना सोसायटी में बाहरी को खाद बेचने का आरोप



**कोरबा।** जिले के विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत सिरमिना की सोसायटी से हो रहे खाद वितरण को लेकर गंभीर आरोप लग रहे हैं। एक ग्रामीण ने वीडियो साझा करते हुए बताया कि बाहरी लोगों को बिना पर्ची के ही अवैध रूप से खाद वितरण किया जा रहा है। मांगने पर पर्ची दिखाया नहीं जा रहा। इसके कारण क्षेत्र के बेबस किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि दूसरे ग्राम पंचायत से आए हुए लोगों को रकम लेकर खाद वितरण किया जा रहा है। सिरमिना ग्राम पंचायत वालों को खेती करने में बहुत परेशानी हो रही है और इसका विरोध करने पर किसानों को धमकी दी जा रही है और बोला जा रहा है कि खाद नहीं है। अब, इन आरोपों की सच्चाई तो विभागीय जांच में पता चल सकेगी लेकिन ऐसी धांधली हो रही है तो यह स्थानीय किसानों के लिए उचित नहीं।

# दो साल बाद शुरु होगी गेवरा रोड- रायपुर मेमू, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बहुप्रतीक्षित गेवरारोड-कुसमुंडा से बिलासपुर-रायपुर जाने के लिए मेमू ट्रेन का परिचालन पुनः प्रारम्भ किया गया है। कोरोना महामारी के दौरान बंद की गई लोकल मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनों का संचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा एक बार फिर शुरू किया जा रहा है। रेलवे के इस निर्णय से गेवरा कुसमुंडा क्षेत्र की लगभग 25 से 30 हजार की आबादी को एक सुविधा मिलने जा रही है।

रेलवे प्रशासन द्वारा कोविड के समय से बंद की गई यात्री गाड़ियों को फिर से शुरु किया जा रहा है। इसमें गेवरा रोड से रायपुर तक चलने वाली यात्री मेमू गाड़ियां भी है। जो 17 जुलाई से गेवरा रोड से रायपुर के लिए रवाना हुई। गेवरा रोड और कोरबा क्षेत्र के यात्रियों के लिए यह निर्णय एक बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि इन क्षेत्रों में रेल सुविधाओं की कमी से दैनिक यात्री, विद्यार्थी और कर्मचारी वर्ग लंबे समय से परेशान थे। रेलवे प्रशासन के अनुसार, रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर ट्रेन का संचालन 15 जुलाई से शुरू होगा। पहले से उपलब्ध जानकारी के आधार पर, गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन संख्या 08745, 08746 का समय इस प्रकार है रायपुर से गेवरा रोडः ट्रेन दोपहर 1:50 बजे रायपुर से रवाना होकर शाम 5 बजे बिलासपुर, 7:05 बजे कोरबा और 7:30 बजे गेवरा रोड पहुंचेगी। गेवरा रोड से रायपुरः ट्रेन सुबह 6:30 बजे गेवरा रोड से रवाना होकर 6:45 बजे कोरबा, 8:50 बजे बिलासपुर और 11:25 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## कोविड के समय से रेलवे प्रबंधन ने बंद किया था यात्री गाड़ी

**खास बातें**

- लगभग 25 हजार की आबादी को मिलेगी सुविधा
- 17 जुलाई को गेवरा से होगी रवाना



## क्षेत्रीय लोगों ने किया था संघर्ष

यात्री गाड़ी सुविधा के लिए शहर के रेल संघर्ष समिति के द्वारा लगातार रेलवे प्रबंधन से पत्र व्यवहार कर यात्री गाड़ी शुरु करने की मांग की थी। दौरे में आने वाले रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया था। इसके अलावा कुसमुंडा क्षेत्र के व्यापारी और स्थानीय लोगों ने अपने अपने स्तर पर स्थानीय संगठनों के बैरनतले यात्री गाड़ी सुविधा के लिए संघर्ष किया था।

## तीन वर्ष से पीजी कॉलेज में लग रही थी आदर्श कॉलेज की कक्षाएं

# आदर्श कॉलेज बंजारी की कक्षाएं इस सत्र से लगेगी बरपाली कॉलेज में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकासखंड के ग्राम बंजारी में शुरु होने वाले आदर्श महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया इस वर्ष से बरपाली शासकीय महाविद्यालय में शुरु हो गई है। बीते तीन वर्ष से आदर्श कॉलेज की सभी कक्षाएं पीजी कॉलेज में चलाई जा रही थी। एक बिल्डिंग में दो कॉलेजों के चलने से पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

केंद्र सरकार के ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राओं के लिए आवासीय महाविद्यालय की सुविधा शुरु करते हुए करतला विकासखंड के ग्राम बंजारी का इसके लिए चयन किया गया था। आदर्श महाविद्यालय के नाम से ग्राम बंजारी में आवासीय महाविद्यालय की स्वीकृति वर्ष 2017 में मिली थी और उसके बाद से इसके संचालन को लेकर जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय का चयन वैकल्पिक तौर पर किया गया था। वर्ष 2021 से ही पीजी कॉलेज में आदर्श महाविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकाम की कक्षाएं लगाई जाने लगी और प्रवेश की प्रक्रिया दोनों कॉलेजों की कक्षाएं एक साथ शुरु हुई अब तक आदर्श महाविद्यालय की कक्षाएं पीजी कॉलेज में ही संचालित हो रही है और तीनों संकायों में सौ से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। एक बिल्डिंग में दो महाविद्यालय की कक्षाएं संचालित होने से पढ़ाई के साथ बैठक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। जिसके मद्देनजर शिक्षण सत्र 2025-26 से आदर्श महाविद्यालय बंजारी में प्रवेश के लिए प्रक्रिया बरपाली के शासकीय कॉलेज में शुरु की गई है। इससे ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राएं प्रवेश ले सकेंगी। जो अब तक आदर्श महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थी।

**खास बात**

- एक बिल्डिंग में कॉलेज लगने से प्रभावित हो रही थी पढ़ाई की व्यवस्था




बरपाली शासकीय कालेज।

## सात साल में नहीं तैयार हो सका कॉलेज भवन

लोक निर्माण विभाग के द्वारा टेंडर जारी कर वर्ष 2018 में आदर्श महाविद्यालय बंजारी के हॉस्टल और कॉलेज भवन के लिए निर्माण कार्य शुरु किया गया था। धीमी रफ्तार से चलने वाले निर्माण कार्य की वजह से बीते सात साल में भी भवन पूरी तरह तैयार नहीं हो सका है अभी भी कुछ न कुछ भवन के अंदरुनी हिस्से का काम बचा हुआ है।

## कक्षाएं बरपाली कॉलेज में लगेंगी

बंजारी आदर्श महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रक्रिया शुरु हो गई है। नया भवन हैंड ओवर नहीं हुआ तब तक बरपाली कॉलेज में आदर्श महाविद्यालय की कक्षाएं लगेंगी।

**-चैतन्यनंद,** प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बरपाली

# कोल डिस्पैच में गिरावट, पॉवर सेक्टर को 5.67 फीसदी कम आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कोल इंडिया लिमिटेड के कोयला प्रेषण में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है। पॉवर सेक्टर को 5.67 प्रतिशत कम कोयला भेजा गया है। अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कोल इंडिया द्वारा पहली तिमाही में (अप्रैल-जून) 191.04 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया, जबकि बीते साल समान अवधि में 198.92 मिलियन टन कोल डिस्पैच हुआ था। जून में कोल डिस्पैच में कहीं अधिक गिरावट आई है। सीआईएल द्वारा जून में 48.80 मिलियन टन डिस्पैच किया गया, जबकि बीते साल जून में यह आंकड़ा 52.72 मिलियन टन था। यानी जून में कोल डिस्पैच में 7.43 प्रतिशत की गिरावट आई। बात करें सेक्टरवार कोल डिस्पैच की तो पॉवर सेक्टर में वर्ष 2024-25 (अप्रैल-जून) में 161.54 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया था। वहीं 2025-26 (अप्रैल-जून) में 152.38 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया है। इसी तरह कैप्टिव पॉवर प्लांट में वर्ष 2025-26 (अप्रैल-जून) में 14.42 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया। वहीं वर्ष 2024-25 (अप्रैल-जून) में 13.12 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया। इसके अलावा स्टील उद्योग में 2025-26 (अप्रैल-जून) में 0.88 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया। वहीं वर्ष 2024-25 (अप्रैल-जून) में 0.94 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया था। साथ ही सीमेंट उद्योगों में वर्ष 2025-26 (अप्रैल-जून) में 2.09 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया था। वहीं वर्ष 2024-25 (अप्रैल-जून) में 1.01 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया था। इसी तरह स्पंज आयरन उद्योग में वर्ष 2025-26 (अप्रैल-जून) में 0.29 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया, तो वहीं वर्ष 2024-25 (अप्रैल- जून) में 1.93 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया था। इसके अलावा अन्य उद्योगों में वर्ष 2025-26 (अप्रैल-जून) में 20.99 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया। वहीं दूसरी ओर 2024-25 (अप्रैल- जून) में 20.38 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया था।

**खास बात**

- बीते वर्ष की पहली तिमाही में 198 .92 मिलियन टन किया गया था कोयला डिस्पैच

# चक्काजाम करने वाले दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम पंचायत मदनपुर में पिछले 6 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार शुक्रवार को फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने बिलासपुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर उतरकर चक्काजाम कर दिया था। करीब आधा घंटे तक हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप रहा, जिससे सैकड़ों वाहन चारपहिया गाड़ियां, यात्री बसें और दोपहिया वाहन फंसे रहे। लंबा जाम लगने से परेशान यात्रियों ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा और बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। इसके साथ ही यातायात बाधित होने और यात्रियों की शिकायतों के आधार पर कटघोरा पुलिस ने 12 से ज्यादा ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है। उन पर सड़क जाम करने, यातायात बाधित करने और शांति भंग करने के आरोप लगाए गए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिजली की समस्या बार-बार सामने आती है लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया उनका कहना है कि केवल ट्रांसफॉर्मर बदलना ही एकमात्र समाधन है।

**खास बात**

- बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशान ग्रामीणों ने किया था चक्काजाम



फाइल फोटो

# भारत माला प्रोजेक्ट की फोरलेन सड़क क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रही फोरलेन सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में हुई बारिश से तरदा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। सथानीय ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के क्षतिग्रस्त होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लोग इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। वाहनों का आवागमन भी शुरू नहीं हुआ है। फिर भी सड़क की हालत खराब होती जा रही है। लोगों को चिंता है कि भविष्य में यह कोई बड़ा हादसा का कारण बन सकता है। कुछ क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मुद्दों के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है। निर्माण स्थल पर जाम और धूल की समस्या से लोग परेशान हैं। चांपा मुख्य मार्ग पर यह समस्या ज्यादा गंभीर है। बारिश के मौसम में जाम की स्थिति और भी बिगड़ जाती है।

**खास बात**

- अधूरी फोरलेन की गुणवत्ता पर उठे सवाल, स्थानीय लोगों ने की कार्रवाई की मांग



बारिश से क्षतिग्रस्त फोरलेन सड़क का हिस्सा।

## अधिकारियों की बैठक लेकर राज्यपाल ने जल संरक्षण के लिए दिए थे निर्देश

# वाटर हार्वेस्टिंग पिट के लिए राज्यपाल है गंभीर, पर सरकारी विभाग बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्यपाल के द्वारा अप्रैल महीने में ली गई बैठक के बाद शनिवार को पुनः ली गई बैठक में अधिकारियों के बीच चर्चा की है। किंतु उसके बावजूद सरकारी विभाग शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग पीट निर्माण के लिए जागरुक नहीं हो रहे हैं। ग्रामीण अंचल तो दूर की बात शहरी क्षेत्र में बन रहे ले आउट में इसका जिक्र भी नहीं है।

जल संरक्षण के लिए राज्यपाल के द्वारा तीन माह में दो बार ली गई बैठक में जिक्र करने के बाद भी सरकारी अधिकारी अपने भवनों के निर्माण कार्य में इसके लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जबकि वाटर हार्वेस्टिंग पीट का निर्माण निजी भवन के निर्माण के लिए भी अनिवार्य किया गया है। उसके बावजूद भी सरकारी विभाग का अमला इसके लिए गंभीर नजर नहीं आता। वर्तमान में डीएमएफ से सरकारी भवनों के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है और कुछ का निर्माण शुरु हो चुका है लेकिन वहां भी वाटर हार्वेस्टिंग पीट का निर्माण नहीं किया गया है। जल संरक्षण के लिए सरकारी भवन में वाटर हावेस्टिंग पीट का निर्माण अनिवार्य किया गया है। किंतु तैयार किए सरकारी भवन में छत से गिरने वाला पानी पाइप के सहारे जमीन में बेकार बहते देखा जा सकते हैं। जबकि भवन के समीप पीट का निर्माण किया जाना था लेकिन ऐसा पंचायत भवन में देखा जा रहा है और न ही स्वास्थ्य विभाग के केंद्रों में और स्कूल छात्रावास के नवनिर्मित भवन में वाटर हार्वेस्टिंग पीट नहीं दिखते।

**खास बात**

- दो दिन पूर्व बैठक में भी राज्यपाल ने फिर से इस मुद्दे पर की थी चर्चा




## विभागीय अधिकारी करते हैं निरीक्षण

भवन के निर्माण कार्य के दौरान निर्माण एजेंसियों के तकनीकी अधिकारी निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हैं ले आउट तैयार करते समय यह नहीं देखा जाता कि वाटर हार्वेस्टिंग पीट का निर्माण किस स्थान पर किया जाना है। और न ही इसके स्थान चिन्हित किए जाते हैं। कार्य लेने वाले ठेकेदार भवन का निर्माण कर पूर्णतः का प्रमाण पत्र भी ले लेते हैं और विभाग को हैंडओवर कर देते हैं इस दौरान विभाग के अधिकारी हैंडओवर लेते समय वाटर हार्वेस्टिंग पीट निर्माण की स्थिति को भी नहीं देखते यही कारण है कि बिना वाटर हार्वेस्टिंग के निर्माण के भवन का निर्माण बेधड़क किया जा रहा है।

### सर्पदंश से मासूम की मौत

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भाटीकुड़ा में सांप के डसने से 11 वर्षीय रीना कुमारी यादव की मौत हो गई। रीना पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे रीना अपने घर में सो रही थी, तभी परिजनों ने एक सांप को देखा। कुछ ही देर बाद रीना की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल सुबह 5:30 बजे जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता कम्हन यादव ने बताया कि सांप काटने के बाद उनकी बेटी की हालत तेजी से बिगड़ी और लाख कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना से पूरे परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### आजाद जयंती पर निबंध प्रतियोगिता 20 को

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा इस वर्ष भी क्रांतिवीर पं चन्द्र शेखर आजाद की 119 वीं जयंती पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता 20 जुलाई रविवार को आयोजित की जाएगी। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच के प्रदेश कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक में प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी। छठवीं से आठवीं एवं नवमीं से बारहवीं में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने आदित्य त्रिपाठी, मनोहर लाल मिश्र, राजेश पाण्डेय, रामशंकर शुक्ल एवं दिनेश बाजपेयी से संपर्क किया जा सकता है।

### बारिश थमते ही उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** मानसून की रफ्तार पर ब्रेक लगते ही सूरज ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को सुबह से ही तेज धूप निकली और लोगों का उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल हो गया। इस दौरान अधिकतम तापमान में सीधे 2 डिग्री की बढ़त देखी गई और 34.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिन तक अच्छी बारिश के आसार बहुत कम है, हालांकि इस दौरान काले घने बादलों के आने के कारण कहीं - कहीं पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मानसूनी हवाओं ने अपनी दिशा बदल दी है, ऐसे में प्रदेश भर में बारिश बंद हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दुर्ग, रायपुर और बस्तर में बारिश कम होगी। वहीं बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में बारिश की आशंका बनी हुई है। प्रदेश में अबतक सीजनल 362.1 मिमी औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है।

### निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प 16 को, 118 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में 4 निजी संस्थानों द्वारा सेल्स डेवलपमेंट मैनेजर, ब्रांच डेवलपमेंट मैनेजर, डेवलपमेंट मैनेजर, बीमा सखी, बीमा अभिकर्ता, लाइफ मित्र, रिलेसनशीप अफसर सहित कुल 118 पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता पदों के अनुसार 12वीं, गेजुएट आदि निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्र की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ इस कैंप में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### प्रयास विद्यालयों में प्रवेश प्रतीक्षा सूची जारी

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। जिसे विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। प्रतीक्षा सूची में जिन विद्यार्थियों के नाम हैं, वे अपने समस्त दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग के लिए प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में उपस्थित होंगे। अनुसूचित जनजाति बालक के लिए 15 जुलाई एवं बालिका वर्ग 16 जुलाई, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका के लिए 17 जुलाई, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका 18 जुलाई, सामान्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिका के लिए 18 जुलाई को काउंसलिंग की तिथि निर्धारित की गई है। काउंसलिंग प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। काउंसलिंग में उपस्थित होने निर्धारित दस्तावेज-विद्यार्थी का प्रवेश पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में प्रथम श्रेणी में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाण पत्र, नक्सल हिंसा से प्रभावित होने पर संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी।

# जनसंख्या के अनुपात में 480 की जगह जारी हो गए 768 शस्त्र लाइसेंस

**187 अब भी कतार में** | शासन का नियम 5 हजार की जनसंख्या के अनुपात में एक को मिलेगा शस्त्र लाइसेंस | **यहां साढ़े तीन हजार में ही जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर




आयुध नियम 2010 के अनुसार प्रति पांच हजार की जनसंख्या के पीछे एक व्यक्ति को शस्त्र का लाइसेंस जारी किया जाना है। जिले की अनुमानित आबादी अभी 24 लाख के करीब है, जिससे शासकीय सर्कुलर के अनुसार जिले में 480 लोगों को ही शस्त्र के लाइसेंस जारी किए जा सकते थे। इसके विपरीत आज की स्थिति में जिले में कुल 768 लोगों को लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जबकि 187 अब भी कतार में हैं।

शस्त्र रखना अब सुरक्षा से ज्यादा शायद स्टेटस सिंबल हो गया है। यही कारण है कि शस्त्र के लाइसेंस के लिए कलेक्टोरेट में आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालांकि प्रशासन द्वारा प्राथमिकता क्रम में एवं आवेदनों की कड़ाई से जांच करने के बाद ही लाइसेंस जारी किया जाता है। परिणामस्वरूप अति आवश्यक एवं पात्र आवेदकों की पहचान कर सिर्फ उन्हें लाइसेंस जारी किए गए हैं। शेष आवेदनों को खारिज कर निराकृत कर दिए जाते हैं।

दिक्कत यह है कि लाइसेंस जारी करने में इतनी सावधानी व पारदर्शिता होने के बाद भी जिले में निर्धारित से ज्यादा लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2010 में जारी एक सर्कुलर के अनुसार प्रति 5 हजार की जनसंख्या के पीछे एक लाइसेंस जारी किया जाना है। आज की स्थिति में जिले की अनुमानित जनसंख्या 24 लाख के करीब है। ऐसी स्थिति में सरकार के सर्कुलर के आधार पर अब तक 480 लाइसेंस ही जारी किए जाने चाहिए थे, जबकि 768 लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। इसका अर्थ ये हुआ कि जिले में तीन हजार 150 लोगों के पीछे ही एक को लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं।

इतना ही नहीं, बल्कि जिले में शस्त्र का लाइसेंस चाहने वालों की संख्या में अभी भी कमी नहीं आई है। आज की स्थिति में भी जिले में 187 लोग लाईन में खड़े हैं। वर्ष 2019 से लेकर अब तक 187 लोगों के आवेदन कलेक्टर कार्यालय में लंबित रखे गए हैं। मौजूदा वर्ष की ही बात करें तो छह महीनों में ही जिले के 26 आवेदकों ने कलेक्टोरेट में शस्त्र लाइसेंस के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। विभाग के जानकारों के अनुसार शस्त्र का लाइसेंस प्रस्तुत करते ही लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता। इस दौरान बुजुर्गों एवं ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाती है, जिन्हें जान का भय हो एवं अपनी सुरक्षा के लिहाज से उन्हें शस्त्र धारण करने की जरूरत हो।

### कब-कब आए कितने आवेदन

| वर्ष | प्राप्त आवेदन | निराकृत | लंबित |
|---|---|---|---|
| 2019 | 37 | 21 | 16 |
| 2020 | 33 | 17 | 16 |
| 2021 | 36 | 18 | 18 |
| 2022 | 42 | 17 | 25 |
| 2023 | 58 | 8 | 50 |
| 2024 | 41 | 5 | 36 |
| 2025 | 26 | 0 | 26 |

### मापदंडों को ध्यान में रखा जाएगा

अविभाजित बिलासपुर में कोरबा, जांजगीर, मुंगेली और जीपीएम भी शामिल थे। तब जिला भी बड़ा था, और जनसंख्या भी अधिक थी। तब लाइसेंस भी उसी अनुपात में जारी किये गए थे। इन सभी के बिलासपुर से अलग होकर नये जिले के रूप में स्थापित होने के बाद बिलासपुर की जनसंख्या भी कम हो गयी, जिससे लग रहा है कि बिलासपुर में निर्धारित से अधिक लाइसेंस जारी हो गए हैं, जबकि ऐसा नहीं है। अब भी जो आवेदन लाइसेंस के लिए लंबित हैं उनमें सुरक्षा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए आगे निर्णय लिया जाएगा।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## 24 घंटे के भीतर सिविल लाइन क्षेत्र में दूसरी घटना, तीन आरोपी हिरासत में

# बदमाशों ने नाबालिग की चाकू मारकर की हत्या नाराज लोगों ने आरोपियों के घर लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी के चर्चित जरहाभाठा मिनी बस्ती में एक नााबलिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात की वजह आससी रंजिश बताई जा रही है। रविवार की दोपहर दो परिवारों के बीच हुए विवाद के दौरान हुई इस वारदात से पूरे इलाके में तनाव फैल गया। वारदात से नाराज लोगों ने पेट्रोल छिड़ककर आरोपियों के घर में आग लगा दी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुनील बांधे और सूरज भास्कर के परिवार के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की सुबह से ही विवाद हो रहा था। देखते ही देखते यह विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया और इसमें एक नाबालिग को जान तक गंवानी पड़ी। विवाद के दौरान सूरज भास्कर के परिजनों ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें 17 वर्षीय सुमित बंधे गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों परिवारों के सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी है और हमले के बाद तीन आरोपियों को हिरासत में लिया, जिसमें एक नाबालिग है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।



मृतक

**मृतक के परिजनों ने किया**

बताया जा रहा है कि हमले के बाद घायल युवक को लेकर उसके परिजन सिविल लाइन थाना पहुंचे, उसके हाथ और सीने में चाकू का वार था, पुलिसवालों ने उसे जिला अस्पताल भेजवा दिया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों का गुस्सा भड़क गया और परिजनों ने अस्पताल में हंगामा मचाया, पुलिस को भी अस्पताल में बल भेजना पड़ा।

**ऐसे हुई वारदात :** पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर लगभग पौने 2 बजे की है। मिनी बस्ती स्थित रिंग रोड-2 के पास सुलभ शौचालय के समीप मृतक सुमित बांधे के मित्र आर्यन रात्रे का सूरज भास्कर से विवाद हो गया। विवाद के बाद आर्यन रात्रे गुड्डू गली पहुँचा, जहाँ सूरज भास्कर, छोटू एवं सूरज के दो नाबालिग भाइयों ने मिलकर आर्यन को पीट दिया। सुमित बांधे ने बीच बचाव किया। इससे नाराज सूरज भास्कर ने मृतक से कहा कि "तू भी बचाने आया है," और घर से सब्जी काटने वाला चाकू लाकर सुमित बांधे के सीने में वार कर दिया। घायल सुमित को सिविल लाइन लाया गया। पुलिस परिजनों के साथ उसे जिला अस्पताल लेकर गई। मामले में मुख्य आरोपी सूरज भास्कर एवं दो को हिरासत में लिया गया है। एक आरोपी छोटू घटना स्थल से फरार है।



आरोपी





**नाराज लोगों ने घर में आग लगाई**

हत्या की वारदात के बाद आरोपी अपने घर में छिप गए, लोग उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रहे थे, परन्तु उन्होंने घर का दरवाजा नहीं खोला, इससे नाराज लोगों ने पेट्रोल छिड़ककर उनके घर में आग लगा दी, घर में आग लगने पर जलने के डर से आरोपी बाहर निकल आए। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और अरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में घर की आग बुझाई गई।



जिला अस्पताल में हंगामा मचाते परिजन।

## आटो चालक पर चाकू व सर्जिकल ब्लेड से जानलेवा हमला, मोहल्ले वालों ने बचाई जान



पकड़े गए आरोपी।

**बिलासपुर।** तालापारा क्षेत्र के शारदा नगर में शनिवार की रात एक आटो चालक पर चाकू और सर्जिकल ब्लेड से बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्लेवालों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वारदात के बाद मौके से आरोपी फरार हो गए। घायल की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तालापारा में रहने वाले मोहम्मद इरशाद (20) आटो चालक हैं। मोहम्मद इरशाद रोज की तरह शनिवार को आटो चलाकर लौटा और घर खाना खाने चला गया। इस दौरान खाना खाने के बाद वह शारदा नगर साईं मंदिर के पीछे रात 10 बजे दोस्तों के साथ बैठा था, कुछ देर बाद दोस्त चले गए। इस दौरान उसे अकेला पाकर सोहेल, सरजू और सलमान खान नामक लकड़े पहुंचे। उनमें से एक ने पीछे से उसकी कमर पर लात मार कर उसे जमीन पर गिरा दिया। वह जैसे ही उठा, आरोपियों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सोहेल ने अपने पास रखे चाकू से इरशाद की पीठ पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद सरजू ने सर्जिकल ब्लेड से उसके पेट पर हमला किया। घायल इरशाद जब तक संभल पाता सोहेल, सरजू और सलमान ने उस पर लात-घूंसे और थप्पड़ों से हमला करते रहे। शोर सुनकर मोहल्ले के सूरज सतनामी, छोटू शुक्ला और सूरज यादव पहुंचे और झगड़े को शांत कराया। इसी दौरान हमलावर युवकों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित को मोहल्लेवालों की मदद से इलाज और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने लाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**चलता है नशे का अड्डा**

बताया जा रहा है कि जहां आरोपीगण नशे का कारोबार करते है। कई बार पुलिस के शिकंजे में आ चुके है लेकिन हर बार खानापूर्ति कार्रवाई की जाती है। ऐसे में आरोपियों के हौसले बुलंद हो चुके है। आरोपियों ने जिस समय युवक पर हमला किया, उस समय वे नशे के हालत में थे। घायल ने पुलिस को उनके काले कारनामों के बारे में बताया है।

### 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव



# संग्रहण केंद्रों में दिखा पेनाल्टी का खौफ

**बिलासपुर।** निर्धारित समय में धान का उठाव नहीं होने के बाद लगाई जाने वाली पेनाल्टी का खौफ जिले के संग्रहण केंद्रों में साफ नजर आ रहा है। संग्रहण केंद्र परिसर में पानी व कीचड़ होने के बाद भी धान के उठाव के लिए ट्रकों की लंबी कतार नज़र आ रही है। रविवार की स्थिति तक 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है, जो धान की कुल मात्रा का करीब 68 प्रतिशत है।

- 68 प्रतिशत धान का उठाव पूरा
- संग्रहण केंद्रों में उठाव के लिए लगी ट्रकों की कतार

जिले के चारों संग्रहण केंद्रों भरनी, बिल्हा, मोपका व करगीकला में इन दिनों धान का उठाव जोरों पर चल रहा है। संग्रहण केंद्रों में 1 लाख 36 हजार मीट्रिक टन धान का स्टाक था, जिनका उठाव किया जाना था। नीलामी नहीं होने के कारण मिलरों द्वारा उठाव प्रारंभ नहीं किया जा रहा था। इधर इस बीच लगातार बारिश होती रही, जिससे संग्रहण केंद्र परिसर में न केवल चारों ओर पानी का जमाव हो गया, बल्कि कीचड़ जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई थी। इसके विपरीत उठाव के लिए मिलरों द्वारा अब गंभीरता दिखाई जा रही है।

विपणन विभाग के अनुसार सारे मिलरों को उनके धान की बुक की गई मात्रा के हिसाब से उठाव के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। प्रति स्टैक के अनुपात में उठाव व पेनाल्टी के लिए स्लैब तैयार किया गया है। उक्त समयसीमा में उठाव नहीं होने की दशा में पेनाल्टी लगाने की तैयारी है। यही कारण है कि मिलर हर हाल में अपनी निर्धारित समयसीमा में धान का उठाव करना चाह रहे हैं। संग्रहण केंद्रों से लगातार उठाव होने के कारण आज की स्थिति में 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। विभाग द्वारा माह के अंत तक शत प्रतिशत उठाव होने की संभावना जाहिर की गई है।

### तीसरे स्थान पर है जिला

आज की स्थिति तक 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जो उठाव के लिए कुल उपलब्ध धान का 68 प्रतिशत है। प्रदेश में उठाव के मामले में अब जिला तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। निर्धारित समयसीमा में उठाव नहीं करने वालों के विरूद्ध पेनाल्टी भी लगाई जाएगी।

**- शंभु कुमार गुप्ता,** डीएमओ

## मुंगेली कलेक्टर ने इन कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की, मेडिकल जांच कराने भी नहीं पहुंच रहे

# फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी, 27 के खिलाफ कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली जिले में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे 27 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर की ओर से सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा गया है। सभी ने श्रवण बाधित के फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त की थी। सबसे अधिक शिक्षा विभाग में इस तरह के लोग नौकरी कर रहे हैं। कलेक्टर ने इन कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की है। अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा जारी पत्र के मुताबिक मेडिकल जांच कराने कई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं तो कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दिव्यांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चन्द्राकर ने बताया कि वर्तमान में पीएससी से सलेक्ट होकर 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखा अधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, 2 सहकारिता निरीक्षक सहित 21 लोग फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र लगाकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। हरिभूमि ने मामले में लगातार खबरें प्रकाशित की हैं।

- सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा

मुंगेली जिले के लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। बात सामने आई है कि अकेले 53 लोग कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं। ध्यान रहे राज्य शासन की ओर से दिव्यांगों की विशेष भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। सबसे पहले ग्रामीण कृष विस्तार अधिकारी पद के लिए भर्ती हुई। इसमें 50 ऐसे लोगों की नियुक्ति हुई है जिन्होंने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है। इसी तरह तीन कृषि शिक्षक के पद पद काम कर रहे हैं।


हरिभूमि
हरिभूमि के खुलासे से हड़कंप, आनन-फानन में बुलाई गई ज्वाइंट कमेटी की बैठक, अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट
10 सालों में 300 से अधिक लोगों ने बनाया फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र
आज राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा भौतिक परीक्षा
हरिभूमि
लोरमी के 7 ऐसे गांव, जहां 10 सालों में 300 से अधिक बहरे, दूसरे गांव से आई बहुओं के कान भी हुए 'सुन्न'

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### इनकी नियुक्ति पर उठे हैं सवाल

व्याख्याता मनीषा कश्यप, टेक सिंह राठौर, रवीन्द्र गुप्ता, पवन सिंह राजपूत, विकास सोनी, अक्षय सिंह राजपूत, गोपाल सिंह राजपूत, योगेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं। इनके अलावा शिक्षक मनीष राजपूत, सहायक शिक्षक नरहरी सिंह राठौर, राकेश सिंह राजपूत तथा श्रम विभाग के सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी नरेन्द्र सिंह राजपूत के साथ कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों प्रभा भास्कर, अमित राज राठौर, धर्मराज पोर्ते, नितेश गुप्ता, विजेन्द्र नार्गव, टेकचंद रात्रे, निलेश राठौर, सुरेन्द्र कश्यप, गुलाब सिंह राजपूत, बृजेश राजपूत सहित प्रयोगशाला सहायक भीष्मराव भोसले को भी सेवा से पृथक कर दिया गया है। इसके अलावा जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक ग्रेड-2 सत्यप्रकाश राठौर, उद्यान विभाग की ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी पूजा पहारे और सतीश नवरंग, तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास विस्तार अधिकारी राजीव कुमार तिवारी भी इस सूची में शामिल हैं।

### मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए

2016 और 2018 में हुई भर्ती की सूची का अवलोकन करने पर एक बात जो देखने में आ रही है कि अधिकांश चयनित उम्मीदवार राजपूत, सिंह और राठौर सरनेम के हैं। यह सभी बिलासपुर, मुंगेली और जांजगीर-चांपा जिले के निवासी हैं। अधिकांश फर्जी प्रमाण पत्र भी लोरमी और जांजगीर-चांपा जिले से बनाए गए है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के मुताबिक अधिकांश प्रमाण पत्रों में बिलासपुर और मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं। इनमें से एक डाक्टर बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं। संघ ने सभी विकलांग प्रमाण पत्रों की राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच कराने की मांग की है।

### प्रतिवेदन के आधार पर होगी कार्रवाई

अभी किसी भी कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया गया है। जो भी बातें सामने आ रहीं वह गलत हैं। फिलहाल विकलांग संघ की शिकायतों के आधार पर सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिवेदन मांगा गया है। इसमें से कई कर्मचारी मेडिकल बोर्ड के सामने भी उपस्थित नहीं हुए हैं। प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी।

**- निष्ठा पांडे तिवारी**
अतिरिक्त कलेक्टर, मुंगेली

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर परशुराम सेना ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परशुराम सेना और संस्कार भारती ने रामपुर स्थित शासकीय प्रयास आवाशीय विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। परशुराम सेना के सदस्यों ने नीम, कदम, जामुन, बादाम, चिरौंजी, अमरुद जैसे फलदार वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। परशुराम सेना के प्रतिनिधि ने कहा, प्रकृति ही हमारी प्रथम गुरु है, जो हमें जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाती है। हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और उसके संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, वर्तमान समय में हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिसका दुष्परिणाम हम सब भुगतने को मजबूर हैं। इसलिए, हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए संकल्प लेना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर परशुराम सेना के सदस्यों ने प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ.नंद कुमार त्रिपाठी, रविंद्र दुबे, के डी दीवान, अजय पांडे, प्रभात शर्मा, विजय दुबे, डॉ सुधांशु शर्मा, आलोक शर्मा, विद्यालय के प्रचार्य गौरव शर्मा, मोनिका राय, मातृका दुबे, और अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

### चित्रकला के लिए श्रेया को सीएम ने किया सम्मानित



**कोरबा।** प्रतिभा सम्मान योजना पीएसवाय के लिए आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम मे ललित कला के अंतर्गत चित्रकला के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिले की होनहार बिटिया श्रेया साहू को यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 10 हजार की राशि से सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम 12 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इससे पहले भी श्रेया ने जिले एवं राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न चित्रकला प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चे शामिल हुए। श्रेया को चित्रकला के क्षेत्र में मधुबनी आर्ट, वाटर कलर, एक्रेलिक माध्यम, ऑयल पेस्टल तथा पेंसिल स्केचिंग जैसे विभिन्न विधाओं में पारंगत हासिल है। बचपन से ही माता-पिता ने चित्रकला के क्षेत्र में श्रेया की रुचि देखते हुए उसे इसी विधा में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है। श्रेया के पिता घनश्याम साहू डीएसपीएम में विद्युत कर्मी के रूप में कार्यरत है तथा माता नर्मदा साहू शासकीय शिक्षिका हैं। के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में श्रेया साहू श्री हरि सिंह क्षत्री के मार्गदर्शन में चित्रकला की शिक्षा प्राप्त कर रही है।

### एसईसीएल में 1553 पदों पर मिला अप्रेंटिसशिप का मौका

**कोरबा।** कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी एसईसीएल ने स्नातक एवं तकनीकी प्रशिक्षुओं के लिए भर्ती निकाली है। 1553 प्रशिक्षुओं की भर्ती की जाएगी। चयनित अभियान्त्रिकी एवं सामान्य शाखाओं के स्नातक एवं तकनीकी प्रशिक्षुओं को एसईसीएल की भूमिगत एवं ओपन कास्ट खानो में एवं अन्य प्रतिष्ठानों में एक वर्ष प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नियोजित किया जाएगा। एनएटीएस 2.0 पोर्टल डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एनएटीएस डॉट एजुकेशन डॉट जीओवी डॉट इन में पंजीकृत आकांक्षी पात्र उम्मीदवारों से एसईसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक द्वारा ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से 14 जुलाई से 28 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। अप्रेंटिसशिप की श्रेणी एवं पदों की संख्या पर गौर करें तो स्नातक शिक्षु (खनन अभियांत्रिकी) 174 पद, स्नातक शिक्षु (सिविल अभियांत्रिकी) 20 पद, स्नातक शिक्षु (विद्युत अभियांत्रिकी) 30 पद, स्नातक शिक्षु (यांत्रिकी अभियांत्रिकी) 30 पद, स्नातक शिक्षु (इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी) 10 पद, स्नातक शिक्षु प्रशासन (बीबीए) 25 पद, स्नातक शिक्षु कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) 100 पद, स्नातक शिक्षु वाणिज्य (बी. कॉम) 47 पद, स्नातक शिक्षु विज्ञान (बी.एससी.) (केमिस्ट्री) 29 पद, तकनीशियन शिक्षु (खनन अभियांत्रिकी) 892 पद, तकनीशियन शिक्षु (खनन सर्वेक्षण) 39 पद, तकनीशियन शिक्षु (सिविल अभियांत्रिकी) 40 पद, तकनीशियन शिक्षु (विद्युत अभियांत्रिकी) 57 पद, तकनीशियन शिक्षु (यांत्रिकी अभियांत्रिकी) 60 पद पर अप्रेंटिशिप दिया जाएगा।

## दोनों स्थानों के पुराने भवन में निवास कर रही हैं 2 सौ छात्राएं

# कोरबा और मुनगाडीह दो सौ सीटर कस्तुरबा आश्रम को है नए भवन की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा और मुनगाडीह कस्तुरबा गांधी आश्रम को दो सौ सीटर होने के बाद भी नए भवन की दरकार बनी हुई है। दोनों

**खास बात**

- वैकल्पिक तौर पर दो कमरों का निर्माण कर चलाया जा रहा काम

आश्रमों की छात्राएं पुराने भवन में ही निवास कर रही हैं। वैकल्पिक तौर पर सुविधा के लिए दो दो कमरों का निर्माण किया गया है जो आवासीय सुविधा की दृष्टि से पर्याप्त नहीं है।

समग्र शिक्षा के माध्यम से जिले के पांचों विकासखंड में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का संचालन किया जाता है। जिसके लिए आश्रम भी विद्यालय परिसर में बना है। दोनों सुविधाएं एक ही कैंपस में चलने से छात्राओं को पढ़ाई के लिए किसी अन्य स्कूल में जाना नहीं पड़ता है। पूर्व में सभी विकासखंड के कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सौ सीटर हुआ करते थे जिसमें कोरबा ब्लॉक के डिंगापुर क्षेत्र में और पाली ब्लाक के मुनगाडीह में चल रहे हैं। आवासीय विद्यालय को दो वर्ष पूर्व दो सौ सीटर किया गया है। जिससे प्रवेश लेने वाली छात्रा छात्राओं को सुविधा तो मिली है पूर्व में प्रवेश के लिए मारामारी मची रहती थी। सीट कम होने की वजह से मुश्किल से ही प्रवेश मिल पाता था। दो सौ सीटर होने के बाद से यह सुविधा ग्रामीण अंचल के छात्राओं को मिली किंतु नए भवन के निर्माण नहीं होने से पुराने भवन में ही व्यवस्था करनी पड़ रही है हालांकि दो दो कमरों का निर्माण वैकल्पिक सुविधा के रुप में किया गया है। किंतु उसके बावजूद जगह की दरकार बनी हुई है।



मुनगाडीह कस्तूरबा आवासीय विद्यालय।

**स्कूल और आंगनबांडी केंद्र के लिए मिली है भवन की**

डीएमएफ से जिले जर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी भवन को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए भवन बनाए जाने के लिए राशि जारी कर इसकी स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग और महिला बाल विकास विभाग से जर्जर भवन की जानकारी मांगते हुए इसके निर्माण की प्रक्रिया भी शुरु करने के लिए निर्माण एजेसियां भी तय कर दी है किंतु पाली और कोरबा कस्तुरबा आवासीय विद्यालय के नए भवन हेतु प्रस्ताव तैयार नहीं हुआ है।

## पीजी कॉलेज परिसर के मेन गेट में गंदे पानी का रहता है जमाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान के साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जन जागरूक कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। किंतु कॉलेज परिसर के समीप पसरी गंदगी की सफाई को लेकर एनएसएस अधिकारी व कॉलेज प्रबंधन गंभीर नजर नहीं आता। सफाई करने के बजाए उसे नजरअंदाज कर चले जाते हैं।

पीजी कॉलेज अपने अधिकारी कर्मचारी व राष्ट्रीय स्वयंसेवाकों के माध्यम से गांव गांव शहर शहर सफाई अभियान, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण, छत्तीसगढ़ी परंपरा के तहत लोगों को जागरूक करती है। पीजी कॉलेज का दो मुख्य द्वार है एक द्वार के समीप सुलभ शौचालय बना हुआ है जिसकी सारी गंदगी पीजी कॉलेज के मुख्य द्वार के समीप बने गड्ढे में एकत्रित होती है तथा ना तो इसकी सफाई की जाती है और ना ही किसी प्रकार की सावधानी बरती जाती है। गंदगी इतनी फैल चुकी है कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं के अलावा आने जाने वाले राहगीर भी वहां की बदबू से परेशान रहते हैं। गंदगी की वजह से कॉलेज परिसर के समीप बना प्रतीक्षालय भी जर्जर होने के साथ कोई उपयोग नहीं करता। यूं तो पीजी कॉलेज सफाई अभियान को लेकर हर दिन गांव शहर की गलियों में सफाई अभियान चलाए जा रही है परंतु अपने ही कॉलेज परिसर में फैले गंदगी को साफ नहीं कर पा रही है। शुलभ शौचलय के निकलने वाली गंदा पानी कॉलेज के मुख्य द्वार तक पहुंच जाता है।

## बोड़दा स्कूल में विशेष कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में छात्र हित को विशेष ध्यान में रखते हुए प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक व विद्यालयीन शिक्षकों के मुख्य मार्गदर्शन में आज छात्रों के संपूर्ण सर्वांगीण विकास हेतु कक्षा नौवी से बारहवीं तक एक साथ विशेष क्लास लेते हुए नैतिक शिक्षा,गुड मैनर्स एंड बिहेवियर चेंज, व्यायाम, स्वास्थ्यगत शिक्षा, नशा मुक्ति यातायात नियम, स्वच्छता, बालिका शिक्षा, अनुशासन, प्रार्थना, अध्ययन अध्यापन, शत प्रतिशत उपस्थिति आदि विषयों पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक ने बताया कि उत्कृष्ट अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ छात्रों के अंदर सही मायने में नैतिकता का भी आना आवश्यक है नाबालिक होने के कारण समझ परिपक्वता नहीं होने से गलतियां कर जाते हैं हमारा उद्देश्य है कि इनके अंदर अध्यापन के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास व सर्वांगीण विकास हो ताकि भविष्य हेतु गुण दोष एवं समस्त पहलुओं पर उत्तम विचार के साथ नागरिकता का निर्माण हो सामाजिक कुरीतियों से दूर विद्यालयीन हित देश प्रेम राष्ट्र प्रेम का विकास हो साथ ही विद्यालय निगरानी समिति छात्र व छात्रा का बनाते हुए विद्यालय संरक्षण व हित की बात अपील की गई। इस अवसर पर प्राचार्य लखन लाल बंजारे, राजेन्द्र कुमार नायक, देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी,वीरेंद्र कुर्रे, भारती सिंह तोमर, परमेश्वर राम मराठा, सेत कुमार सांड, किरण जांगड़े, श्यामा मरावी के साथ स्वयंसेवक छात्र-छात्रा हिना कंवर, प्रतिभा पटेल, मुस्कान पटेल, शालिनी ओग्रे, प्रिया पटेल, दीक्षा पटेल, वर्षा कंवर, कविता नायक, संगीता यादव, कुसुमलता, तृप्ति जगत, दिव्या कश्यप, योशिका मरकाम, गीतांजलि मरावी, महक, सानिया कंवर, ज्योति कंवर, पूनम मरावी, ओमप्रकाश सोनवानी, महेंद्र कुमार पटेल, गौतम कुमार यादव, रूपेश जगत, लोकेश पटेल, आलेख पटेल, अमन कुमार आदि उपस्थित थे।

## उमरेली खेल मैदान बना नशेड़ियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेली

जिले के अंतिम छोर में बसे करतला ब्लॉक का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत उमरेली के खेल

**खास बात**

- शराब दुकान के संचालन से खड़ी हुई समस्या

मैदान इस समय नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। देसी शराब दुकान की जगह को परिवर्तन करने के बाद यह खेल मैदान पर दाग लग गया है। जब से खेल मैदान के किनारे देशी शराब की दुकान संचालक प्रारंभ हुआ है तब से खेल मैदान में ही लोग बैठकर शराब का सेवन करने लगे हैं, जिसकी वजह से प्लास्टिक की बोतलें, डिस्पोजल, ग्लास तक को तोड़ देते हैं।


खेल मैदान जहां रहता है नशेड़ियों का अड्डा।

उमरेली खेल मैदान काफी बड़ा है जिस पर सुबह शाम लोग वॉक करने आते हैं। सुरक्षित तरीके से बड़े बुजुर्ग भी जाया करते हैं, परंतु माहौल अब काफी खराब हो चुका है। जिसकी वजह से अब लोग वहां जाना पसंद नहीं कर रहे हैं। बच्चे भी खेलने कूदने के लिए जाते थे, अब वे भी नहीं जा रहे हैं। कारण यही है कांच प्लास्टिक और चिकन मटन की हड्डियां यह कभी भी पैरों में लग सकती है। मैदान पर अक्सर ड्राइविंग सीखना है तो यह मैदान पसंदीदा रहा है क्योंकि यह अति सुरक्षित तरीके से ड्राइविंग लोग सिखाते थे, इस मैदान में अब मैदान के आसपास भी शराब पीकर के कर लड़ाई झगड़ा करना आम बात हो चुकी हैं।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**



युवा पुरुषोत्तम बंजारे ने कहा कि मैदान पर अब खेलने के लिए हमें काफी सोचना पड़ जाता है, क्योंकि जगह-जगह कांच बिखरे होते हैं, जिसे चोट लगने का डर बना रहता है। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।



गरिमा पब्लिक स्कूल के संचालक खिलावन देवांगन ने बताया कि मैदान की दूर्दशा देखकर काफी दुख लगता है। मॉर्निंग वॉक के लिए हम मैदान में ही घूमा करते थे, जो काफी सुरक्षित था। अब उक्त मैदान को छोड़कर सड़क किनारे किनारे मॉर्निंग वॉक करना पड़ रहा है, प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने राज्यपाल से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने महामहिम राज्यपाल रमेन डेका से एनटीपीसी कावेरी गेस्ट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोरबा जिले की विभिन्न समस्याओं से राज्यपाल को अवगत कराया। ननकी राम कंवर ने राज्यपाल से ग्राम मालगांव और रलिया में एसईसीएल दीपका खदान द्वारा मुआवजा वितरण में किए गए भ्रष्टाचार की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से कराने मांग की। उन्होंने फ्लोरा मैक्स के नाम पर अरबों रुपये की ठगी की जांच सीबीआई से कराने की भी मांग की। इसके अलावा, उन्होंने ग्राम पंचायत रजगामार में जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों का शीघ्र भुगतान कराने के लिए निर्देश देने की मांग की। उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि का मनमौजी खर्च पर रोक लगाने और नियम के अनुरूप खर्च करने मांग की। ननकी राम कंवर ने सरकार के आदेशों का शत-प्रतिशत पालन कोरबा जिले में होने और उच्च अधिकारियों के आदेश-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किए जाने के लिए निर्देश देने मांग की। उन्होंने भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने मांग की।

## जिले में 624 मानदेय शिक्षकों और भृत्यों की होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से लेकर ग्रामीण सुदूर अंचलों में संचालित होने वाले प्राथमिक शालाओं, माध्यमिक शालाओं में रिक्त पदों पर मानदेय शिक्षकों और भृत्यों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय के द्वारा आदेश व निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सभी पांचो ब्लॉक में आवश्यकता वाले एकल शिक्षक प्राथमिक शालाओं तथा जरूरत वाले माध्यमिक शालाओं में गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और कला विषय के मानदेय शिक्षक भर्ती लिए जाएंगे। इसी तरह प्राथमिक और माध्यमिक व हाईध्हायर सेकेंडरी स्कूलों में भृत्यों की भी नियुक्ति मानदेय के आधार पर होगी। यह सभी पद संविदा के तौर पर रहेंगे। पिछले शिक्षा सत्र में जिनकी सेवाएं मानदेय शिक्षक के रूप में ली जा रही थी, वह यथावत रहेंगे। जिला शिक्षा विभाग से जारी निर्देश के अनुसार करतला विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शालाओं में 48, पूर्व माध्यमिक शालाओं में



फाइल फोटो

विभिन्न विषयों के लिए 28 और भृत्य के 35 पद मानदेय पर भरे जाने हैं। इसी तरह क्रमशः कोरबा ब्लॉक में 72, 38, 45 कटघोरा ब्लॉक में 15, 1(गणित), 56, पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में 73, 22, व 112 तथा पाली ब्लॉक में प्राथमिक शालाओं के लिए 23, माध्यमिक शालाओं के लिए 10 मानदेय शिक्षकों व 40 मानदेय भृत्य की नियुक्ति की जानी है। इस प्रकार प्राथमिक शालाओं में कुल 231, माध्यमिक शालाओं में 99 मानदेय शिक्षकों व 294 भृत्यों की नियुक्ति होना है। इसके लिए वांछित शर्तों और नियमों के साथ आवेदन लिए जाकर प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सही समय पर मरीज का हुआ ऑपरेशन, रानी की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू कोरबा हॉस्पिटल में एक बेहद गंभीर मामले में यही जज़्बा काम आया और टीम वर्क ने उस मरीज़ को नया जीवन दिया, जिसकी जान पूर्ण रूप से संकट में थी। कोलकाता निवासी एक चिकित्सक की 28 वर्षीय पत्नी रानी (बदला हुआ नाम) जमनीपाली स्थित अपने मायके आई हुई थीं। 2 जुलाई की रात करीब 2 बजे रानी को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ और वह बेहोश हो गईं। उन्हें तत्काल जमनीपाली के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद न्यू कोरबा हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एनकेएच पहुंचने पर रानी की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। उनका ब्लड प्रेशर (बीपी) नहीं था, शरीर में कोई हलचल नहीं थी, केवल पल्स चल रही थी। जांच के बाद पता चला कि थैली फटने के कारण पेट में काफी खून जमा हो गया था, जिसे रप्चर्ड एक्टोपिक कहा जाता है। मरीज़ पूरी तरह से शॉक में थी। रानी के पति उस समय शहर से बाहर थे। डॉ. एकता चवरे के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने परिजनों को पूरी स्थिति समझाने के बाद तुरंत इलाज शुरू किया। सुबह तक सर्जरी कर पेट में जमे हुए खून को बाहर निकाला गया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण रानी को सात यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। शरीर में कमजोरी के चलते उन्हें ब्रेन में झटका भी आ चुका था। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. एकता चवरे, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर की पूरी टीम और ब्लड बैंक स्टॉप के सहयोग से रानी का सफल ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के बाद डॉ. एकता, डॉ. अविनाश तिवारी (एमडी मेडिसिन) और न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनीष गोयल की देखरेख में उन्हें 5 दिनों तक आईसीयू में रखा गया। स्थिति में सुधार होने पर जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया, और अंततः पूर्ण स्वस्थ हालत में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

**हेल्थ प्लस**




## त्रिलोकी स्कूल में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एक भावपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की प्राचार्या मोना ठाकुर के कुशल दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के नाम एक-एक पौधा रोपित किया। इस अवसर पर छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान की भावना का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। प्राचार्या ने बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि एक वृक्ष न केवल पर्यावरण को संजीवनी देता है, बल्कि माँ के प्यार की तरह जीवनदायिनी होता है। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे और हर वर्ष इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

**कोरबा मार्केट**

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजकुमारी पिता स्व. कुशालसिंह, पति हेमत कुमार जाति कंवर निवासी गंगानगर गेवरा बस्ती तहसील दीपका जिला कोरबा द्वारा ग्राम खैरभवना तहसील दीपका में आवेदिका के पिता कुशालसिंह कंवर पिता शिवनाथसिंह के नाम पर हक स्वामी की भूमि ख. नं. 192/1, 122/2, 127 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.999 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर ली गई है। कुशालसिंह कंवर पिता शिवनाथसिंह मृत्यु दिनांक 03.10.2017 को फौत हो गई है आवेदिका द्वारा कुशालसिंह कंवर पिता शिवनाथसिंह का फौती दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरुस्त कराने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25/07/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

KRISHNA
Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE

DEPARTMENT OF DERAMATOLOGY
त्वचा (चर्म) रोग,गुप्त रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ

सुविधा एवं उपचार
- सफेद दाग व ल्यूकोडर्मा
- पुराना दाग व ल्यूकोडर्मा
- शरीर में खुजली एवं दाद
- सौंदर्य परामर्श व समाधान
- मुंहासे एवं दाग धब्बे एवं कटे फटे होठ
- बालों के रोगों का सम्पूर्ण इलाजः- बाल झड़ना, गंजापन, बालों का असमय सफेद होना, डेंड्रफ (रुसी) आदि।
- कुष्ठ रोग, नाखून का सड़ना एवं उसके रोग
- यौन (सैक्स) शिक्षा परामर्श एवं समाधान



DR. DHANANJAY RATHORE
MBBS, MD (SKIN & VD)
Gold Medalist

हर सोमवार से शुक्रवार
समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें : 7828571334

KRISHNA HOSPITAL | Mangalam Vihar, Kosabadi, Korba (C.G) | CALL : 7771013560

## खबर संक्षेप



### कुष्ठ रोगियों का निशुल्क परीक्षण व दवा का किया गया वितरण

**कोरबा।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में कुसमुंडा के कबीर वाचनालय में कुष्ठ रोगियों का निशुल्क परिक्षण एवं दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं उनके कार्यकर्ता शामिल हुए। कबीर वाचनालय कुसमुंडा कबीर दास के आदर्शों पर चलने वाली संस्था है या धर्मनिरपेक्ष है। किसी पंथ या जाति को विशेष रूप से महत्व नहीं देता। सर्वधर्म समभाव की नीति पर चलने वाली संस्था है, वाचनालय के संचालक कुंजू दास ने बताया कि कुष्ठ रोगियों की सेवा विगत कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंजू दास, भुनेश्वरी दास, दिनेश मानिकपुरी, धनंजय दीवान, श्रुति कुलदीप ,सत्यम दास, छौकी दास, दूजे दास का विशेष योगदान रहा।

### कबीर वाचनालय में विधायक ने किया पौधारोपण



**कोरबा।** जिले के गेवरा बस्ती क्षेत्र अंतर्गत कबीर चौक स्थित कबीर वाचनालय परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कटघोरा विधायक प्रतिनिधि संतोष राठौर, कुंज दास, लखन राठौर, राजेश पटेल, सालिक दुबे, दूजे दास महंत, शब्बीर मेमन शामिल हैं।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत झाबर में लगाए गए पौधे



**कोरबा।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मिडियम हाईस्कूल झाबर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का अयोजन किया गया बच्चों ने उत्साह पूर्वक अपने अभिभावक के साथ एक पेड़ मां के नाम लगाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निलेश साहू विधायक प्रतिनिधि तथा अध्यक्षता मुकेश जायसवाल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीपका के साथ प्रमोद कुमार कौशिक, लक्ष्मी नारायण (पंचपति), के के सिंह एवं विद्यालय के संचालक राधेश्याम मनहर द्वारा किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान को इतनी गहराई और आत्मीयता से सफल बनाने के लिए हम दिल से आभार व्यक्त करते हैं। प्राचार्य श्रीमती ममता मनहर ने बताया कि बच्चों ने जिस उत्साह और लगन से पेड़ लगाए वह सिर्फ पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य तोहफ़ा है।

### देखरेख के अभाव में आदर्श नगर उद्यान बदहाल



**कोरबा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर मे एसईसीएल द्वारा महात्मा गांधी बाल उद्यान बनाया गया है। जिसका उद्घाटन एसईसीएल महाप्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह और ऊर्जा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह के द्वारा इस पार्क का उद्घाटन 10 अक्टूबर 2020 को किया गया था। जिसके बाद प्रबंधन इसकी देखरेख करना भूल गया, देखरेख के अभाव में उद्यान के झूले टूट गए हैं। फिसल पट्टी टूटी गई है चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। यहां सुबह शाम शराबियों का जमावड़ा लगा हुआ है। वहां पर लगाई गई सभी लाइटें खराब हो गई है। वार्ड क्र.20 के पार्षद निक्कू कुकरेजा ने बताया कि कॉलोनी के बीच में एक सिंगल पार्क बच्चों के लिए एसईसीएल कॉलोनी के बीच में बनाया गया था लेकिन इसकी देखे करने के लिए एसईसीएल भूल गया है। उसको याद दिलाने के लिए पार्षद ने एसईसीएल को ज्ञापन सौंपा है।

### राष्टीय स्वयं सेवक संघ ने पसान में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**कोरबा।** संघ के 6 कार्यक्रम में से एक कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा उत्सव भी जिसे समस्त विश्व में राष्टीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मनाया जाता है जिसमें सभी स्वयं सेवक भगवा ध्वज को गुरु मानकर समर्पण करते हैं इसी पहल पर कोरबा जिले के पसान खण्ड में भी गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में जिला सह कार्यवाह अभिषेक तिवारी जी व जिला सह व्यवस्था प्रमुख डॉ राजीव जी रहे साथ ही खंड कार्यवाह राजकुमार पाण्डेय,सह खंड कार्यवाह रामेश्वर प्रसाद धनकर खंड व्यवस्था प्रमुख मुकेश साहू, खंड बौद्धिक प्रमुख दुर्गेश राजपूत, खंड मीडिया प्रभारी सोशल मीडिया प्रमुख हिमांशु पाण्डेय, शाखा कार्यवाह ओम जायसवाल, संतोष साहू आदि उपस्थित थे।

#### कनकी व पाली के मंदिर में उमड़ेगी भीड़

# सावन महीने का पहला सोमवार आज शिवालय में गूंजेगा हर- हर महादेव



कनकेश्वरधाम मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सावन महीने का पहले सोमवार पर शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ नजर आएगी। बोलबम के जयकारों के साथ हर हर महादेव के जयकारों से गूंजेंगे। शुक्रवार से सावन महीना शुरु होते ही शिवभक्ति की अर्चना के पर्व की शुरुआत हो गई। घर के शिव मंदिरों से लेकर छोटे बड़े धार्मिक स्थलों के शिवालय तक शिवभक्ति का दौर शुरु हो गया है। जो अपने विभिन्न भक्ति रुपों में माहभर तक चलता रहेगा। कावड़ियों की टोली भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक करने शिवालयों की ओर सुबह होते ही निकल पड़ती है।

सावन के महीने में अंचल के प्रसिद्ध शिव मंदिर पाली शिव मंदिर से लेकर कनकेश्वरधाम सहित अन्य शिव मंदिरों में सावन पर्व पर शिव भक्ति का नजारा दिखेगा। जिसकी तैयारियां कावड़ियों के दल के द्वारा एवं मंदिर समिति के द्वारा की जाती है। पाली शिव मंदिर में अमरकंटक से भी जल लेकर शिव का जलाभिषेक लेकर पहुंचते हैं। इसी तरह हसदेव नदी से जल लेकर शिव भक्त कनकेश्वरधाम पहुंचते हैं। शिव भक्ति की पूजा अर्चना को लेकर अनेक विधि विधान शास्त्रों में बताए गए हैं उसके अनुसर शिव भक्त परंपरा का निर्वहन करते हैं पहला सोमवार 14 जुलाई को है इस दिन उपवास रखने की परंपरा है। इस दौरान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है और सोमवार का उपवास भी रखा जाता है. इससे देवों के देव महादेव प्रसन्न होते हैं। आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी होता है। इस साल सावन का पहला सोमवार व्रत कब रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर सावन का पहला सोमवार व्रत रखा जाएगा। इस तिथि की शुरुआत 14 जुलाई को देर रात 1:2 मिनट पर होगी और समापन 14 जुलाई देर रात 11:59 मिनट पर। 14 जुलाई को सावन सोमवार का पहला व्रत भी रखा जाएगा और इसी दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी भी है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:11 मिनट से 4:52 मिनट तक, विजय मुहूर्त दोपहर 2:45 मिनट से 3:40 मिनट तक, गोधूलि मुहूर्त शाम 7:20 मिनट से 7:40 मिनट तक, निशिता मुहूर्त रात्रि 12:07 मिनट से 12:48 मिनट तक रहेगा। पहले सावन सोमवार का व्रत आप महादेव के नामों का जप करने। इस दिन आप स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद बाद भगवान शिव को देसी घी का दीपक जलाकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन भगवान शिव को गंध, पुष्प, धूप, बेलपत्र, अक्षत आदि अर्पित किया जाता है फिर आप सावन सोमवार व्रत कथा का पाठ, इसके बाद आप शिव मंत्रों और शिव चालीसा का पाठ, साथ ही भोलेनाथ को फल और मिठाई का भोग भी लगाना चाहिए।

### पूर्व मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को किया रवाना




कोरबा। सावन माह की शुरुआत के साथ ही शिवभक्तों में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में बैजनाथ धाम देवघर के लिए कोरबा से प्रथम जत्था रवाना हुआ। इस धार्मिक यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। इस अवसर पर कोरबा नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह राजपूत, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। श्रद्धालुजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। वे गंगाजल लेकर देवघर स्थित पावन बैजनाथ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करेंगे। यह यात्रा लगभग 120 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा के रूप में पूरी की जाएगी, जो श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। जत्था रवाना होने के पूर्व पूजा-अर्चना कर यात्रा की सफलता की कामना की गई। क्षेत्रवासियों ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना की और श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

## आदिवासी परिवार की शिकायत पर 6 अभियुक्तों की ज़मानत याचिका ख़ारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहाड़ी कोरवा जनजाति से संबंधित दिवंगत भैराराम की आत्महत्या के मामले में दर्ज अपराध में नामजद 6 आरोपी विनोद कुमार अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, दिलीप टिग्गा, चतुरगुण यादव, राजेन्द्र मिंज, धरमपाल कौशिक की अग्रिम/नियमित जमानत याचिकाएँ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर ने खारिज कर दी हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल की एकल पीठ ने पारित किया। अभियोजन के अनुसार पीड़िता जुबारो बाई की भूमि को षड्यंत्रपूर्वक शिवराम के नाम पर विक्रय कर दिया गया, जिसमें कोई मुआवजा नहीं दिया गया। मृतक भैराराम (जुबारो बाई के पति) को बार-बार धमकाकर और जमीन छोड़ने के लिए दबाव बनाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने 21-22 अप्रैल की दरमियानी रात को आत्महत्या कर ली। प्रकरण में धारा 108, 3(5) बीएनएस एवं अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(v) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इससे पूर्व 23 अप्रैल को धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज हुआ था, जिसमें कुछ अन्य आरोपी शामिल थे।

**खास बात**

- मामला भूमि विवाद से आत्महत्या तक का

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचल बलरामपुर-रामानुजगंज में एक नाम वर्षों से फुसफुसाहटों में गूंजता रहा विनोद अग्रवाल उर्फ मग्गू सेठ। जो कभी स्थानीय व्यापारी के रूप में जाना जाता था, अब उस पर आदिवासी जमीन हड़पने, कूटनीति, साजिश और यहां तक कि आत्महत्या के लिए उकसाने जैसे संगीन आरोप हैं। एक पहाड़ी कोरवा महिला, जिसकी ज़मीन उसके पति भैराराम के नाम पर संयुक्त खाता दर्ज में थी। आदिवासी महिला को ज़मीन के दावों और दस्तावेजों की जटिलता समझना नहीं आता था। यही कमजोरी मग्गू सेठ जैसे चालाक ज़मींदारों के लिए ताकत बन गई। 18 नवंबर 2024 को बिना किसी पारिवारिक सहमति या भुगतान के, ज़मीन किसी शिवराम के नाम पंजीकृत करवा दी गई। ये रजिस्ट्री धोखाधड़ी और छल से करवाई गई थी। पीछे की डोर से कागज़ तैयार हुए, अंगूठे लगे और ज़मीन खिसक गई। बात यहां तक आकर नहीं रूकी बल्कि भैराराम को रोज़ाना धमकाना ये ज़मीन अब हमारी है भाग जा कहना, उसका पीछा करना, उसे ताने देना ये सब आरोपियों का रोज़ का खेल बन गया था। मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर ने भैराराम की आत्महत्या के मामले में दर्ज अपराध में नामजद 6 आरोपी विनोद कुमार अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, दिलीप टिग्गा, चतुरगुण यादव, राजेन्द्र मिंज, धरमपाल कौशिक की अग्रिम/नियमित जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल की एकल पीठ ने पारित किया है।

## बस चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की मांग



ज्ञापन देते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा कांग्रेस बांकीमोंगरा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एसईसीएल कुसमुंडा एरिया दफ्तर व कुसमुंडा थाना में ज्ञापन सौंपा है, जिसमें स्कूल बसों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से नियमित अल्कोहल जांच की मांग की है। साथ ही गायत्री मंदिर चौक के पास संचालित मीट की दुकानें व सब्जियों की दुकानों को आदर्श नगर के साप्ताहिक बाजार में स्थानांतरित कराने, संभावित हादसे को रोकने रोड किनारे सूखे पेड़ को हटाने व पानी निकासी व्यवस्था में सुधार की मांग भी की है। युवा कांग्रेस बांकीमोंगरा के उपाध्यक्ष जयंत चंद्रा ने कहा है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस बांकीमोंगरा के महासचिव अंकुर देवांगन, अध्यक्ष कुणाल आजाद, सेवादल ओबीसी आयोग के सचिव धनंजय दीवान, उपाध्यक्ष भुवेश, महासचिव नीरज बंजारे समेत अन्य उपस्थित थे।

## पाली-दीपका रोड और धोराभाटा पुल की मरम्मत नहीं होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जर्जर सड़क जिससे गुजरते भारी वाहन।

क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्ग पाली-दीपका रोड और उस पर स्थित धोराभाटा पुल की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय नागरिकों की चिंता बढ़ती जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सृष्टिधर तिवारी ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि इस मार्ग और पुल की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाए तथा डीएमएफ (जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि) फंड का उपयोग कर जनता को राहत दिलाई जाए।

उल्लेखनीय है कि पाली-दीपका रोड न सिर्फ़ सैकड़ों ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही का मुख्य मार्ग है, बल्कि एसईसीएल की प्रमुख परियोजनाओं से कोयला परिवहन का भी अहम रास्ता है। सड़क की खस्ता हालत और पुल की जर्जर स्थिति से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। यदि समय रहते मरम्मत और डामरीकरण नहीं हुआ, तो यह किसी भी दिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों के साथ-साथ कोयला परिवहन भी पूरी तरह ठप्प हो सकता है। पाली-दीपका मार्ग खनिज प्रभावित क्षेत्र में आता है, इसलिए डीएमएफ फंड का उपयोग इस सड़क और पुल के सुदृढ़ीकरण में होना चाहिए। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि तत्काल कार्रवाई करते हुए इस महत्वपूर्ण मार्ग की मरम्मत और धोराभाटा पुल पर डामरीकरण कर इसकी मजबूती सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना और यातायात अवरोध से क्षेत्र को बचाया जा सके। लोगों की मांग है कि प्रशासन इस जरूरी काम को प्राथमिकता सूची में रखकर जल्द से जल्द काम शुरू कराए, जिससे दीपका क्षेत्र के नागरिकों और कोयला परिवहन दोनों को राहत मिले।

## खेती किसानी में किसान व्यस्त यूरिया- खाद की कमी बरकरार



**हरदीबाजार।** इस वर्ष झमाझम हुए बारिश से किसानों के चेहरे खिले हैं वहीं खेती किसानी कार्य में भी तेजी आयी है। वहीं उतरदा समिति में यूरिया खाद की कमी से किसान परेशान हैं, दुकान से अधिक दाम में खरीदने को मजबूर हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। नेवसा के कृषक फिरोज खान ने बताया कि अच्छी बारिश हुई है, जिससे खेती कार्य में तेजी आई है अभी मौसम भी सही है लेकिन यूरिया खाद की हमें ज्यादा जरुरत है और वो उतरदा समिति में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है,आता है और ख़त है जाता है। उतरदा समिति में लगभग 1700 किसान है, जहां खाद की कमी बनी हुई है। शासन-प्रशासन इस दिशा में विशेष ध्यान दें।

## ठेकेदार पर जातिगत गाली देने का आरोप, पुलिस से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिकायत करने थाने पहुंचे सफाई कर्मी।

एक सफाईकर्मी ने कथित तौर पर जातिगत गाली-गलौज का शिकार होने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। करन कलशे उम्र 28 साल पिता मेवालाल कलशे निवासी प्रगति नगर दर्री ने रविवार को कोतवाली थाना में शिकायत पत्र दिये हैं जिसमें पीयूष राजपूत नामक व्यक्ति पर उन्हें जातिसूचक गाली दिया है। कलेश ने बताया कि वे ठेकेदार बरून गोस्वामी के अधीन सफाई का कार्य करते हैं। 12 जुलाई को जब वे बजरंग टाकीज़ के पास अपना दैनिक कार्य कर रहे थे, तभी पीयूष राजपूत अपनी गाड़ी से उनके पास आया और बोला कि यहां का कचरा उठाओ कहा जिसके बाद वे अपना कार्य करने लगे और अकड़ कर बात करने लगा। जब करन कलशे ने उनसे पूछा कि वे ऐसा क्यों बात कर रहे हैं मैं अपना काम कर दूंगा तो राजपूत कथित तौर पर जातिगत गाली-गलौज पर उतर आया। मामले में पुलिस ने करन कलशे की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

**हरिभूमि** बिलासपुर संभाग नं.1 **आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

#### कर्मचारियों के साथ आम लोगों को हो रही दिक्कतें

## अस्पताल कॉलोनी का रास्ता बंद, कीचड़ भरे मार्ग से हो रही आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था में मनमानी के चलते अस्पताल के कर्मचारी और अस्पताल कॉलोनी में रहने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज, उनके परिजन के अलावा कर्मचारी प्रतिदिन पहुंचते हैं। अस्पताल में वर्षों से वहां पार्किंग व्यवस्था ठेके पर है। पार्किंग ठेकेदार अस्पताल में मरीज व उनके परिजन के अलावा अन्य कार्य के सिलसिले में पहुंचने वाले सभी लोगों से पार्किंग शुल्क वसूलते हैं। यहां तक कि अस्पताल कर्मचारियों से भी पार्किंग शुल्क लिया जाता है।

वर्तमान में नए ठेकेदार ने पार्किंग व्यवस्था संभालते ही अस्पताल के दोनों गेट पर बैरियर लगवाने के साथ ही अस्पताल कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर आपातकालीन गेट के नाम से बैरिकेड्स लगा दिया है। वहीं अस्पताल के एक ही गेट से कॉलोनी आवाजाही करने वालों को एंट्री दी जा रही है, जबकि अस्पताल परिसर में निर्माण कार्य की वजह से पुरानी सड़क कट चुकी है। वैकल्पिक मार्ग बारिश में कीचड़मय है। इसी मार्ग से आवाजाही करने से कॉलोनी वासी, अस्पताल कर्मचारी व उनके परिवार के लोग परेशान हैं। दिन में तो किसी तरह से आवाजाही हो जाती है, लेकिन रात में अंधेरे के समय फिसलकर कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। इसी तरह अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों से प्रतिदिन पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। प्रतिदिन शुल्क देने से बचने की बात कहते हुए उन पर 50 रुपए के हिसाब से मासिक पास लेने का दबाव डाला जा रहा है।

**बंद है आपातकालीन गेट**

अस्पताल परिसर में करीब 2 साल पहले नई कंपोजिट बिल्डिंग बनी है, जिसे आपातकालीन कक्ष बनाया है। अस्पताल के 1 नंबर गेट से आपातकालीन बिल्डिंग के गेट का आने का रास्ता है। इसके ठीक सामने अस्पताल कॉलोनी है, लेकिन आपातकालीन गेट के सामने पार्किंग से एंबुलेंस आवाजाही में व्यवधान का हवाला देते हुए पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारियों ने बैरिकेड्स लगाकर अस्पताल कॉलोनी का ही रास्ता बंद कर दिया है। जिसके कारण परेशानी हो रही है।

